तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 11.1 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025

9 मरीजों के हित में अधिक से अधिक रिसर्च पर करें ...




10 मुख्यमंत्री सैनी के बजट में सभी वर्गों का रखा गया ...



## शहर में आज

- मांगों को लेकर बिजली निगम कर्मचरियों का धरना।
- आंबेडकर चौक पर सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर।
- रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

## बिजली कट

- सुबह 8 से 11 बजे तक
मॉडल टाउन, सुभाष नगर, गांधी नगर, वीसी ऑफिस, सीआर रोड, दिल्ली रोड फीडर, चाणक्यपूरी, भरत कॉलोनी, अर्जुन नगर, संजय कॉलोनी, दरियाओ नगर, महिला आश्रम रोड, आदर्श नगर, डी-पार्क
- सुबह 11 से 3 बजे तक
पटेल नगर, जवाहर नगर, गांधी कैम्प, डीएलएफ कालोनी, सर्कुलर रोड

### कार्यभार संभालते ही दीपक हुड्डा ने कहा था, 14 साल के भ्रष्टाचार की होगी जांच

# चैम्बर विवाद पर प्रधान ने 31 मार्च तक अधिवक्ताओं से आपत्ति मांगी

**चैम्बरों की अलॉटमेंट हो चुकी लेकिन कोई रिकार्ड बार एसोसिएशन के पास नहीं**

■ जिला बार एसोसिएशन ने करवाया था 272 चैम्बरों का निर्माण, अब मामला गर्माया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन द्वारा अधिक्ताओं के लिए परिसर में ही बनाए गए 272 चैम्बरों की जांच शुरू हो गई है। नवनियुक्त प्रधान दीपक हुड्डा ने सभी अधिवक्ताओं से चैम्बर को लेकर आपत्ति, शिकायतें मांगी है। उनका कहना है कि किसी अधिवक्ता के साथ जो कुछ गलत हुआ है वह लिखित में शिकायत दें। इसके लिए 31 मार्च की शाम पांच बजे तक का समय दिया गया है। यह शिकायत चैंबर के गलत अलाटमेंट, चैंबर का अधिक शुल्क वसूलने और चैंबर के ड्रा में किसी भी प्रकार की विसंगति से संबंधित हो सकती है। यह निर्णय शुक्रवार को प्रधान दीपक हुड्डा की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की मीटिंग में लिया गया। मीटिंग में उप प्रधान अजय ओहल्याण, महासचिव राजकर्ण पंघाल, संयुक्त सचिव डिंपल व लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार यहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। इसके अलावा एसोसिएशन की नई डायरेक्ट्री के लिए भी वकीलों से 30 अप्रैल तक फोटो बार एसोसिएशन के कार्यालय में जमा कराने के लिए कहा गया है। इस दौरान प्रधान ने बताया कि चैम्बरों की अलॉटमेंट हो चुकी है। लेकिन इसका कोई रिकार्ड बार एसोसिएशन के पास नहीं है। याद रहे कि चुनाव जीतने के बाद पदभार ग्रहण करते ही प्रधान दीपक हुड्डा ने स्पष्ट किया था कि 14 साल में बार में हुए भ्रष्टाचार की गहनता से जांच होगी और कार्रवाई की जाएगी।



रोहतक। जिला बार एसोसिएशन में हुई मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए प्रधान दीपक हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

### दुकानों व पार्किंग स्थल की भी दोबारा बोली होगी

जिला बार एसोसिएशन की बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव यह भी पास किया गया कि बार परिसर में स्थित दुकानों व पार्किंग स्थल की दोबारा बोली होगी। इस संबंध में 25 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। प्रधान व महासचिव राजकर्ण पंघाल ने बताया कि बार परिसर में स्थित कई दुकानदार या कैंटीन संचालक और पार्किंग ठेकेदार या तो कोई किराया नहीं दे रहे हैं या बहुत ही कम किराया दे रहे हैं। इस वजह से बार एसोसिएशन घाटे में चल रही है। इसलिए एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पास किया गया है कि बकाया किराया तुरंत वसूल किया जाएगा।

### किराया न दिया तो 24 घंटे में करें खाली

प्रधान ने बताया कि अगर कोई दुकानदार या ठेकेदार बकाया किराया का 24 घंटे के भीतर भुगतान नहीं करता है तो उसे बिना किसी देरी के परिसर खाली करना होगा। दुकान, कैंटीन व पार्किंग स्थल के लिए नए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे और सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले दुकानदार या ठेकेदार को ही परिसर दिया जाएगा। इसके बाद सभी किरायेदारों को एक माह का अग्रिम किराया जमा कराना होगा। किसी भी प्रकार का नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। दीपक हुड्डा व राजकर्ण पंघाल ने कहा कि अगर किसी भी प्रकार का पूर्व में भुगतान बार एसोसिएशन के अकाउंट में जमा नहीं किया गया है और सीधा किसी पदाधिकारी व अन्य व्यक्ति को भुगतान किया गया है तो उसका कोई संज्ञान नहीं लिया जाएगा, इसके लिए संबंधित ठेकेदार व दुकानदार खुद जिम्मेदार होगा।

# एमडीयू ने कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित बीबीए एलएलबी आनर्स पंचवर्षीय के तीसरे, पांचवें, सातवें व नौंवे सेमेस्टर के रेगुलर व री-अपीयर, बीए एलएलबी ऑनर्स पंचवर्षीय के प्रथम, तीसरे, पांचवें, सातवें व नौंवे सेमेस्टर के रेगुलर व री-अपीयर, एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय के प्रथम, तीसरे, पांचवें सेमेस्टर के रेगुलर व री-अपीयर, बीए ऑनर्स-इकोनॉमिक्स, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल, हिन्दी व बीए सेमेस्टर के तीसरे, पांचवें व छठे सेमेस्टर की री-अपीयर, बीएससी बायोटेक के तीसरे व छठे सेमेस्टर, बीएससी ऑनर्स-केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस, गणित के तीसरे, पांचवें व छठे सेमेस्टर की री-अपीयर, बीएससी जूलॉजी के तीसरे व छठे सेमेस्टर, बीएससी पास के तीसरे, पांचवें व छठे सेमेस्टर की री-अपीयर, बीएससी स्पोर्ट्स साइंस तथा बैचलर इन सोशल वर्क के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।



रोहतक। मदवि में इज बायो इंफोर्मेटिक्स ए प्लाजिबल सॉल्यूशन टू डील विद पैथोजन्स विषयक विस्तार व्याख्यान में भाग लेते छात्र और शिक्षक।

## मदवि: रिसर्च में बायोइंफॉर्मेटिक्स के अनुप्रयोग बारे जानकारी दी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा शुक्रवार को इज बायो इंफोर्मेटिक्स ए प्लाजिबल सॉल्यूशन टू डील विद पैथोजन्स विषयक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कालेज की बॉटनी विभाग की प्रो. अपराजिता मोहंती ने बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान दिया। प्रो. अपराजिता ने माइक्रोबायोलॉजी रिसर्च में बायोइंफॉर्मेटिक्स के अनुप्रयोग बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन अनुप्रयोगों के माध्यम से बायोइंफॉर्मेटिक्स माइक्रोबायोलॉजी में अनुसंधान को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने में महत्वपूर्ण निभाता है और शोधार्थियों को माइक्रोबायोलॉजी में नई समझ और विकास में सहायता मिलती है। उन्होंने व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्षा डा. पूजा सुनेजा अंत में आभार प्रदर्शन किया और व्याख्यान की विषयवस्तु को महत्वपूर्ण बताया। प्राध्यापक डा. संजय कुमार ने इस व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन किया।

## 54,142 रुपये ठगने के मामले में दो आरोपी धरे

**रोहतक।** पुलिस ने नौकरी का झासा देकर 54142 रुपये की ठगी की में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। किशनगढ़, महम निवासी लक्षणा की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अज्ञात व्यक्तियों ने लक्षणा के पास कॉल कर नौकरी का झासा दिया। 54142 रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

## हरियाणा वुडबॉल की टीम खेलों के लिए नागपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वुडबॉल एसोसिएशन आफ हरियाणा के तत्वाधान में शुक्रवार को हरियाणा वुडबॉल टीम को नागपुर रवाना किया गया। वुडबॉल एसोसिएशन हरियाणा ऑफ हरियाणा के महासचिव अनूप सिंह ने बताया कि टीम में शामिल 12 लड़कियां व 11 लड़कों की टीम को किट देकर रवाना किया गया, जो कि नागपुर महाराष्ट्र में होने वाली 13वीं सब जूनियर 19वीं सीनियर प्रतियोगिता 22 से 26 मार्च नागपुर में हिस्सा लेंगे।



## दाखिले के लिए इंटरव्यू चार अप्रैल को होगा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल (यूसीएस) में सत्र 2025-26 में नर्सरी और केजी कक्षा में एडमिशन के लिए इंटरव्यू 4 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यूसीएस इंचार्ज विवेक कौशल ने बताया कि कक्षा एक से कक्षा नौ की रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी को दोपहर 12 बजे रिपोर्ट करना होगा।

## अब गृह जिले में बोर्ड ड्यूटी देंगे शिक्षक, चेयरमैन ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चैयरमेन डॉ पवन शर्मा रोहतक के दौरे पर थे। हरियाणा राजकीय अध्यापक कल्याण संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामबीर ककराना के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल चैयरमेन से मिला। शिक्षकों की मांग को रखते हुए रामबीर ककराना ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दूर दराज नौकरी करने वाले शिक्षकों को बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा तथा मार्किंग में ड्यूटी गृह जिले में लगाई जानी चाहिए। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुविधा दी जानी चाहिए। ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। चैयरमेन ने शिक्षकों की मांग को मंजूर करते हुए कहा कि शिक्षकों की बोर्ड परीक्षा तथा मार्किंग में गृह जिले में ड्यूटी लगाई जाएगी।



# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड

कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और ब्रैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बेहद अहम

# स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट भी एक उभरता हुआ करियर, जो आपको देगा नई उड़ान

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि शारीरिक फिटनेस। ऐसे में एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने, तनाव से निपटने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है। आज के प्रतिस्पर्धी खेल जगत में, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से बढ़ता हुआ करियर विकल्प है। यह जोश और जज्बे के साथ आपको नई उड़ाने दे सकता है। इस करियर विकल्प में आप भी फिट और मजबूत रहने के साथ साथ अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।

### क्या है स्पोर्ट्स साइकोलॉजी

**स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक ऐसी शाखा है जो एथलीट्स के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं का अध्ययन करती है। इसमें खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, ध्यान, प्रेरणा, तनाव प्रबंधन, टीम वर्क और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीतियों पर ध्यान दिया जाता है।**

### खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती प्रदान करता



**तनाव से निपटने और प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता**

### आवश्यक कौशल और योग्यताएं

1. **संचार कौशल** : खिलाड़ियों और कोच से प्रभावी संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए।
2. **मनोवैज्ञानिक विश्लेषण** : खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति और प्रदर्शन की गहरी समझ होनी चाहिए।
3. **समस्या समाधान** : तनावग्रस्त और दबाव में खेल रहे खिलाड़ियों की समस्याओं का हल निकालने में सक्षम होना चाहिए।
4. **धैर्य और सहानुभूति** : खिलाड़ियों की मानसिक चुनौतियों को समझने और उनका समर्थन करने के लिए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण होना जरूरी है।

### नौकरी के अवसर

**1. खेल संगठन और टीमें**
- भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)
- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए)
- विभिन्न क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और कबड्डी लीग टीमें

**2. सरकारी और निजी खेल अकादमियां**
- राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल अकादमियां
- निजी खेल प्रशिक्षण केंद्र

**3. विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थान**
- खेल विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर व प्रशिक्षक के रूप में कार्य करना

**4. निजी प्रैक्टिस और परामर्श**
- व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों और खेल टीमों को मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन सुधार की सेवाएँ देना

### वेतन और आय

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट की आय अनुभव और कार्यक्षेत्र पर निर्भर करती है।

- फ्रेशर (शुरुआती स्तर) : 5,00,000 से 8,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- मध्य स्तर (5-10 साल का अनुभव) : 10,00,000 से 15,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- वरिष्ठ विशेषज्ञ (10+ साल का अनुभव): 18,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष

### शिक्षा और प्रशिक्षण

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको मनोविज्ञान (Psychology) में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। इसके लिए निम्नलिखित शैक्षिक विकल्प उपलब्ध हैं।

**बैचलर डिग्री** : स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने की पहली सीढ़ी बी.ए. या बी.एससी. इन साइकोलॉजी करना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार अध्ययन और न्यूरोसाइंस जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

**मास्टर डिग्री** : बैचलर डिग्री के बाद, आपको एम.ए. या एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। इस डिग्री में खेल मनोविज्ञान, प्रदर्शन मनोविज्ञान और व्यवहार चिकित्सा की गहरी समझ दी जाती है।

**डॉक्टरेट (पीएचडी या पीएसवाईडी)** : यदि आप अनुसंधान या विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी या पीएसवाईडी इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। यह उच्चतम स्तर की डिग्री है और इसमें गहन अध्ययन, अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव शामिल होते हैं।

### इन संस्थानों से कर सकते हैं डिग्री

**सरकारी संस्थान**

1. दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू), दिल्ली
 - **कोर्स**: एम.ए. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी
 - **कोर्स**: बी.ए. और एम.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, दिल्ली
 - **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
4. नेशनल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पटियाला
 -कोर्स: स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण और रिसर्च प्रोग्राम्स

**निजी संस्थान**

1. अमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
 -**कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु
 -**कोर्स**: बी.एससी. और एम.एससी. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
 - **कोर्स**: बी.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में फोकस)

### उभरता हुआ करियर

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से उभरता हुआ करियर है, जो न केवल एथलीट्स को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें अपने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने में भी मदद करता है। अगर आप खेलों और मनोविज्ञान में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक शानदार विकल्प हो सकता है।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर विजिट कर सकते हैं।



---

# भारत में हर पर्व लाता जीवन में उत्साह सकारात्मक बदलाव व उमंग का प्रतीक



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां हर पर्व अपने आप में एक अनूठा उत्साह और संदेश लेकर आता है। चाहे वह होली का रंगों भरा उमंग हो, दीपावली का प्रकाश और समृद्धि का संदेश हो, ईद की भाईचारे और बलिदान की भावना हो, या क्रिसमस का प्रेम और शांति का उपहार हो-ये सभी त्यौहार केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव और प्रेरणा लाने के अवसर हैं। खासकर छात्रों के लिए, ये पर्व नई ऊर्जा, आत्मविकास और सही दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। आइए जानते हैं कि इन पर्वों से हमें क्या-क्या सीख मिलती है और इसे अपने जीवन में कैसे उतार सकते हैं।

## जीवन में त्योहारों का विशेष महत्व

**बुराई पर अच्छाई की जीत**

**होली**: हिरण्यकश्यप और होलिका की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और भक्ति हमेशा विजयी होती है।

**दीपावली**: रावण पर राम की जीत अंधेरे पर प्रकाश और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है।

**ईद**: ईमानदारी और बलिदान की भावना हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

**क्रिसमस**: प्रेम और क्षमा की भावना हमें बुराई को भलाई से हराने का संदेश देती है।

**छात्रों के लिए सीख**:
- हमेशा सत्य और मेहनत के रास्ते पर चलें।
- पढ़ाई में शॉर्टकट या नकल से बचें, ईमानदारी से अपने लक्ष्य पाएँ।
- असफलताओं को चुनौती मानें और उनसे सीखकर आगे बढ़ें।

**नया उत्साह और नई शुरुआत**

**होली**: पुराने गिले-शिकवे भुलाकर दोस्ती और भाईचारे को बढ़ाने का अवसर।

**दीपावली**: नया साल, नई उम्मीदें और समृद्धि की शुरुआत।

**ईद**: रमजान के बाद नई ऊर्जा और आत्म-शुद्धि का प्रतीक।

**क्रिसमस**: नए साल की शुरुआत के साथ प्रेम और शांति का संदेश।

**छात्रों के लिए सीख**
- हर दिन को एक नई शुरुआत मानें, पुरानी गलतियों से सीखें।
- आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का सामना करें।

## समाज में बांटते खुशियां

**परिश्रम और समर्पण का महत्व**

**होली**: घर की सफाई और तैयारियाँ मेहनत का महत्व सिखाती हैं।

**दीपावली**: दीप जलाने से पहले की तैयारी परिश्रम की महत्ता दर्शाती है।

**ईद**: रमजान के रोजे और इबादत समर्पण का प्रतीक हैं।

**क्रिसमस**: उपहार और सजावट की तैयारी मेहनत और लगन का उदाहरण है।

**छात्रों के लिए सीख**
- सफलता के लिए परिश्रम और अनुशासन जरूरी है।
- पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखें और आलस्य को दूर करें।
- कठिनाइयों को अवसर में बदलें और खुद को बेहतर बनाएं।

**सामाजिक समरसता और एकता**

**होली**: रंगों के साथ सभी भेदभाव मिटाकर एकता का संदेश।

**दीपावली**: परिवार और समाज के साथ खुशियाँ बाँटने का पर्व।

**ईद**: जकात और भाईचारा सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है।

**क्रिसमस**: प्रेम और दान की भावना से समाज को जोड़ने का अवसर।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निर्मालिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन -सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंधप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### सोनी समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 6 को

**रोहतक।** सोनी समाज का विशाल हरियाणा राज्य एवं दिल्ली एनसीआर व आसपास के क्षेत्रों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं समाज उत्थान चिंतन कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली बाईपास स्थित निजी गार्डन में 6 अप्रैल को किया जाएगा। महाराजा अजमीढ़ सुनार जन सेवा संस्थान के तत्वावधान में संरक्षक वैद्य सत्यप्रकाश आर्य के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा व आसपास क्षेत्रों से सैकडों.में विवाह योग्य नर और नारी भाग लेंगें।

### एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम 23 को

**रोहतक।** 94वें शहीदी दिवस के अवसर पर 23 मार्च को बस अड्डे के सामने पंडित श्रीराम शर्मा हुडा सिटी पार्क में महापुरुष स्मृति परिषद व वैदिक विश्व सभा द्वारा (एक शाम शहीदों के नाम) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।महापरायण शांति यज्ञ कर अमर शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि दी जायेगी। महापुरुष स्मृति परिषद के अध्यक्ष व संयोजक जसबीर सिंह मलिक ने बताया कि महायज्ञ के साथ स्मृति सभा का आयोजन होगा, जिसमें इतिहास से जुड़े शिक्षाविद व बुद्धिजीवी अमर शहीदों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालेंगे।

### पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस कैंप संपन्न

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस कैम्प का शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस कैंप में जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, उपजिला शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि रेडक्रॉस समिति द्वारा समाज कल्याण की दिशा में किया जा रहा कार्य अनुकरणीय है।

### सीएम 5 को साइक्लोथॉन रैली को दिखाएंगे झंडी

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा को लेकर आयोजित की जाने वाली साइकिल रैली का रोहतक जिला में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में प्रस्तावित साइक्लोथॉन को लेकर आयोजित वीडियों कांफ्रेंस के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर रहे थे।

### ग्रामीण विकास के मुद्दों पर चर्चा की

रोहतक। महर्षि दयानंद विवि के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम द्वारा ग्रामीण विकास के लिए बनाई गई महत्वाकांक्षी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में धरातल पर सामाजिक विकास कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमडीयू के गोद लिए गांवों में तीन दिवसीय यात्रा की गई। प्रो. अंजू धीमान ने बताया कि गोद लिए गांवों माड़ौदी जाट्टान के विकास पर होगी चर्चा।

# गोहाना रोड पर चलाया गया विशेष साफ-सफाई अभियान

- झज्जर रोड, गोहाना अड्डा से छोटूराम चौक आदि स्थानों के नालों की सफाई का कार्य करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के कार्य में काफी सुधार किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि सफाई शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने विशेष सफाई अभियान गोहाना अड्डा से वीटा चौक तक चलाया। इस अभियान के कार्य की निगरानी निरंतर संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी द्वारा की जा रही है। सफाई अभियान का कार्य सुबह 7 बजे से ही आंरभ कर दिया गया। यह कार्य 50 कर्मचारियों, चार ट्रैक्टर ट्राली, दो जेसीबी मशीन, 6 रेहड़ियों के माध्यम से करवाया गया। इस दौरान डिवाइडर व फुटपाथ के एरिया में भी सफाई, चौक-चौराहों पर लगे पोस्टर उतारने आदि का कार्य भी करवाया गया। जिस मौके पर मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन, सफाई निरीक्षक रमेश कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक कृष्ण लाल, परमजीत, नरेंद्र, सुमित फोगाट, संदीप राठी, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नालों की साफ सफाई की

इसके अलावा नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का भी विशेष अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम द्वारा झज्जर रोड़, छोटूराम चौक, गोहाना अड्डा से छोटूराम चौक आदि स्थानों के नालों की सफाई का कार्य करवाया गया। इसके अलावा आमजन से पूर्व में अपील की गई थी कि वे गदंगी न फैलायें, कूड़े को खुले में न फेकें, कूड़े में आग न लगाये, सभी दुकान, संस्थान, रेहड़ी पर दो डस्टबीन गीले कूड़े व सूखे कूड़े के लिए अवश्य रखें, कूड़ा केवल नगर निगम की कूड़ा उठान वाली गाड़ी में ही डालें, सीवर, नालियो में गोबर न बहाये अन्यथा गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। ऐसा करने वालों को चिन्हित कर नगर निगम द्वारा उनके विरूद्ध चालान की कार्यवाही की जा रही है।

### एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

**रोहतक।** वैश्य महिला कालेज में शुक्रवार को एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों की बस को रवाना किया और स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। कहा कि शिविर केवल सेवा का माध्यम नहीं बल्कि नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और चरित्र निर्माण का एक सुनहरा अवसर भी है। स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया कि वे पूरे जोश और समर्पण के साथ इस शिविर में भाग लें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें।

## कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. नवीन शर्मा ने किया

# मरीजों के हित में करें अधिक से अधिक रिसर्च पर काम : डॉ. एचके अग्रवाल

मंच का संचालन डॉ. मंजूनाथ, डॉ. उर्मिल चावला, डॉ. वरुण अरोड़ा, डॉ. उमेश यादव, डॉ. हरनीत सिंह व डॉ. प्रीति ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** कार्यक्रम में मौजूद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे के निदेशक डॉ. नवीन शर्मा,इनफेक्शियस डिजीज अपोलो अस्पताल चेन्नई से डॉ. अब्दुल व कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल। *फोटो : हरिभूमि*

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के सुश्रुत ओडिटोरियम में शुक्रवार को अपनी तीसरी रिसर्च कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे के निदेशक डॉ. नवीन शर्मा, यूएचएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. धूरव चौधरी, डीन डॉ. कुलदीप लालर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मंच का संचालन डॉ. मंजूनाथ, डॉ. उर्मिल चावला, डॉ. वरुण अरोड़ा, डॉ. उमेश यादव, डॉ. हरनीत सिंह व डॉ. प्रीति ने किया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि उन्हें काफी खुशी है कि विश्वविद्यालय की पहली तीसरी रिसर्च कॉन्क्लेव में इतनी अधिक संख्या में प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे पता चलता है कि विद्यार्थियों में रिसर्च को लेकर कितनी अधिक उत्सुकता है। वें विश्वविद्यालय में आने पर सभी का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि मरीजों के हित में अधिक से अधिक रिसर्च करने पर जोर दिया जाए, ऐसे में पीजी के साथ यूजी छात्रों को भी नए-नए रिसर्च प्रोजेक्ट खोजने चाहिएं।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे के निदेशक डॉ. नवीन शर्मा ने भारत में एक स्वास्थ्य पहल पर व्याख्यान देते हुए बताया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे आईसीएमआर के साथ मिलकर बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वन हेल्थ बहुत बड़ा विषय है। डॉ नवीन ने बताया कि वर्ष 1971 में हुए सर्वे में सामने आया था कि 290 प्रकार के वायरस हैं और वर्ष 2023 में इनकी संख्या 14690 पहुंच चुकी थी। उन्होंने कहा कि पशुओं से भी वायरस फैलता है क्योंकि वें फसल खाते हैं और उन पर हम बहुत ज्यादा कीटनाशक का इस्तेमाल करते हैं जोकि गलत है। उन्होंने बताया कि किसी भी महामारी से निपटने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा तभी हम उससे निपटने में अच्छी तरह सक्षम होंगे। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय से संयुक्त निदेशक डॉ. सिम्मी तिवारी ने कहा कि पशुओं से काफी नई बीमारियां सामने आई हैं, जिस पर हमें काफी चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें आईसीयू में इंफेक्शन कंट्रोल करने पर काफी जोर देना चाहिए। इनफेक्शियस डिजीज अपोलो अस्पताल चेन्नई से डॉ. अब्दुल ने एएमआर में जटिल चुनौतियों का समाधान नवाचार है विषय पर व्याख्यान दिया। हेल्थ इकोनॉमिक्स पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ से डॉ. शंकर प्रिंजा ने वायु प्रदूषण कम करने की रणनीतियों के लिए निवेश का मामलाः 2 उत्तर भारतीय शहरों का केस स्टडी विषय पर व्याख्यान दिया।

### 240 प्रतिभागियों ने रिसर्च पोस्टर प्रस्तुत किए

डॉ. पुष्पा दहिया ने कहा कि आज की इस कॉन्क्लेव के लिए बहुत अच्छे विषय का चयन किया गया है और आज यहां व्याख्यान देने के लिए नामचीन वक्ता आए हैं, जिसका फायदा यहां उपस्थित विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज करीब 765 प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। डॉ. ध्रुव चौधरी ने बताया कि करीब 240 प्रतिभागियों न अपने रिसर्च पोस्टर प्रस्तुत किए हैं वहीं 40 प्रतिभागियों ने ओरल पेपर प्रस्तुत किए हैं। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां हमें रिसर्च के बारे में सिखने को तो मिलता ही है। वहीं हमें अपनी काबिलियत दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तक संबंधित कॉलेजों को संकाय इंट्राम्यूरल अनुदान की भी शुरुआत की जाएगी। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि बहुत जल्द पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम की भी शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि अच्छा शिक्षक वही होता है तो खुद को नवीनतम तकनीक से अपडेट रखता है। उनका हमेशा यही प्रयास रहता है कि संस्थान में मरीजों के हित में अधिक से अधिक रिसर्च पर कार्य हो।



### कुष्ठ आश्रम में पहली बार कवि सम्मेलन

**रोहतक।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं वंदन साहित्य मंच द्वारा एक अनूठा प्रयास किया गया और आजादी के बाद पहली बार रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित गांधी कुष्ठ आश्रम में कवि सम्मेलन और साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक संगोष्ठी और कवि सम्मेलन में एक नई परिपाटी शुरू करते हुए कुष्ठ आश्रम में ही रहने वाली सबसे वृद्ध 90 वर्षीय माता उर्मिला द्वारा संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंच संरक्षक डॉ. अनूप बंसल, मधुकांत, डॉ. रमाकांत, जनार्दन शर्मा भी उपस्थित रहे। इस कवि सम्मेलन व साहित्यिक संगोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कवियों व साहित्यकारों को उचित मान-सम्मान व पहचान दिलाना है। कवि सम्मेलन में संगीत के साथ कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों ने भी अपने ही अंदाज में कीर्तन भी शुरू किया गया। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कवि और साहित्यकार शाम लाल कौशल, आशा खत्री लता, अर्चना कोचर, व्रज बाला, स्नेह बंसल ,बलबीर ढाका, कृष्ण लाल गिरधर, पवन गहलोत ने अपनी रचना प्रस्तुत की। रेडक्रॉस द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि समय-समय पर ओल्ड एज होम, कुष्ठ आश्रम, सहित विभिन्न स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम रेडक्रॉस एवं वंदन साहित्यिक मंच द्वारा किए जाएंगे। रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने सभी कवियों व साहित्यकारों का स्वागत किया।

### महामंडलेश्वर स्वामी सेकी शिष्टाचार भेंट



**रोहतक।** नवनिर्वाचित रोहतक बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने जूना अखाड़ा उपाचार्य गौकर्ण महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज से शिष्टाचार पूर्वक भेंट की और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। *फोटो : हरिभूमि*

## नशे से दूर रहकर खेलों पर ध्यान दें युवाः एएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय के 79वें खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए ईनाम बटोरें। प्रतियोगिता का शुभारंभ रोहतक के एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने मार्च पास्ट की सलामी के साथ किया। प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम एवं सीटीएम अंकित कुमार, ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उपप्रधान धर्मराज, महासचिव एडवोकेट नवदीप सिंह, कॉलेजियम सदस्य, प्रिंसिपल डॉ. शबनम राठी, कॉलेज खेल बोर्ड के कन्वीनर डॉ. बलराज देशवाल, खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुखबीर सिंधु ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व डीपी स्व. बलजीत सिंह की धर्मपत्नी संतोष नांदल और स्व. महासिंह की धर्मपत्नी ओमपति भी पहुंची। समारोह में मंच संचालन डॉ. मुनीष नांदल, डॉ. जसमेर सिंह, डॉ. मोनिका, डॉ. वरुण मलिक ने किया। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने खिलाडियों से नशे से बचने, ट्रैफिक व रोड सेफ्टी नियम अपनाने और साईबर क्राइम के प्रति जागरूक रहने को कहा। उन्होंने कहा कि नशे से जीवन, करियर और परिवार तबाह हो जाते हैं, इस लिए दूर रहे।

### विद्यार्थी को अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहिए : प्रो. शालिनी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास परिसर में स्थित मेघना, साबरमती व नर्मदा कन्या छात्रावासों में आज यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज द्वारा छात्राओं के लिए मोटीवेशनल टॉक का आयोजन किया गया। यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की परियोजना निदेशिका प्रो. शालिनी सिंह ने छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम बारे जागरूक किया और इस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हर एक विद्यार्थी को अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहिए।

## बाबा मस्तनाथ विवि की छात्रा रौनक ने हार्टफुलनेस निबंध प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के हार्टफुलनेस निबंध प्रतियोगिता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए कुलपति डॉ. एच.एल. वर्मा व कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार।

बाबा मस्तनाथ विवि के विद्यार्थियों ने श्री राम चंद्र मिशन द्वारा कॉमनवेल्थ और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित हार्टफुलनेस निबंध प्रतियोगिता 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रा रौनक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष में विविमें सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे विवि के लिए गर्व की बात है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेना ही एक बड़ी उपलब्धि है। यह केवल निबंध लेखन नहीं बल्कि विचारों की अभिव्यक्ति और मानसिक संतुलन की परीक्षा भी है। इस मौके पर राष्ट्रमंडल संस्था की ओर से विवि सांस्कृतिक सचिव डॉ. सुमन राठी ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में डॉ. सुशील कुमार, डॉ. सोनिया और डॉ. मनीषा उपस्थित रहे।

## पुराने मकान की मरम्मत के लिए पात्र व्यक्तियों को मिलती है मदद

# गरीब पात्र व्यक्ति पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं : प्रदीप कुमार

- डॉ. बीआर आंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल। *फोटो : हरिभूमि*

गरीब पात्र व्यक्ति पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। पुराने मकान की मरम्मत के लिए पात्र व्यक्तियों को पंजीकरण उपरांत डॉ. बीआर आंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार ने दी। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने मकान नवीनीकरण के संदर्भ में प्राप्त शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि गरीब लोगों को नए मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है, जबकि डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत पुराने मकान की मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके लिए पात्र व्यक्तियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, निरीक्षक रोशन लाल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय दलाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला नगर योजनाकार सुमनदीप, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ वतन सेढा, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीई अनिल रोहिल्ला व प्रदीप कुमार, तहसील कार्यालय कानूनगो सुरेंद्र कुमार, कलानौर तहसील के कानूनगो सतीश कुमार, सहायक रोजगार अधिकारी मोनिका सिंह, हॉकी कोच सुमित्रा राठी, काढा के एसडीओ अनीश कुमार, ईटीओ रोशन लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश आदि मौजूद रहे।

### इन शिकायतों की हुई सुनवाई

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार ने परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर आवश्यक विकल्प उपलब्ध करवाने के उपरांत अनजान व्यक्तियों के नाम परिवार पहचान पत्रों से हटाए जाएंगे तथा परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय को कम करने के लिए फिजिकल वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। प्रदीप कुमार ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन व अन्य पेंशन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र में दर्ज विवरण के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन प्रो-एक्टिव मोड में स्वीकृत की जा रही है।

### छात्रों को डिजिटल सुरक्षा के टिप्स दिए

**रोहतक।** बढ़ते हुए साइबर फ्रॉड से इस चुनौतीपूर्ण दौर में डिजिटल साक्षरता और सतर्कता समय की जरूरत है। साइबर सुरक्षा के विभिन्न टूल्स सिखकर विद्यार्थीगण न केवल खुद डिजिटली सुरक्षित रह सकते हैं, बल्कि अपने परिजनों, मित्रों, सहपाठियों को भी डिजिटल सुरक्षा कवच के दायरे में ला सकते हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक तथा निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय सांपला के राष्ट्रीय सेवा योजना ये कहा है। मुखर्जी ने प्रत्येक एनएसएस वालंटियर को डिजिटल लिटरेसी तथा डिजिटल सिक्योरिटी का प्रहरी बनने का आह्वान किया।

### सूचना

मैं, नसीब सिंह पुत्र थावरिया निवासी मकान नंबर-483/25, पटेल नगर, रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोनू तथा मेरी पुत्रवधु सपना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

जनहित एजुकेशन एंड चेरिटेबल ट्रस्ट (NGO)
निःशुल्क ... स्कूल (REGD.)
निःशुल्क ब्यूटी पार्लर
निःशुल्क सिलाई सैंटर
नोट: NGO लेने व पार्टनरशिप के लिए
सम्पर्क करें- 7027000173

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com



WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप

### गिल खाप का पहला सम्मेलन कल

**रोहतक।** गांव खरैंटी में पहला गिल खाप सम्मेलन 23 मार्च शहीदी दिवस पर आयोजित किया जाएगा। खाप प्रधान डॉ. राजेश गिल ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से सात आठ हजार व्यक्ति पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि आज से पहले गिल खाप ने कोई भी सम्मेलन आयोजित नहीं किया है। जबकि आज के दौर में सभी खापें अपने कार्यक्रम आयोजित करके अपनी एकजुटता का परिचय देती हैं। डॉ. गिल ने कहा कि कार्यक्रम में खाप के लोग विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर मंथन करेंगे।

### पर्स चोरी की वारदात में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने पर्स चोरी की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आईएमटी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि गढी बोहर निवासी सुशीला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 30 जनवरी को सुशीला स्कूटी से अपने घर जा रही थी। दो युवक सुशीला की स्कूटी को निकालकर स्टार्ट छोड़कर रोड पर गिरा दिया और मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गये।

### हुडा कांप्लेक्स में रक्तदान शिविर कल

**रोहतक।** रक्तदान महादान इस वाक्य चरितार्थ करते हुए भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस पर 23 मार्च के दिन संघ कार्यालय, हुडा कांप्लेक्स में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2: बजे रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएगी। 65 वर्ष से ज्यादा उम्र के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। शिविर में होम्योपैथी चिकित्सा जांच के साथ होम्योपैथी दवा दी जाएगी। एक्यूप्रेशर द्वारा इलाज भी किया जाएगा।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा के लिए स्थानीय गोहाना-रोहतक रेलवे लाइन के नजदीक स्थित चिन्योट कॉलोनी में कस्टोडियन भूमि के खसरा संख्या



2854/2 से अनाधिकृत कब्जा हटाने के दौरान रोहतक के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा के तहत प्रदत्त कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे।

## एक एकड़ वाले किसान को मिलेगा प्राकृतिक खेती के तहत योजना का लाभ

# मुख्यमंत्री सैनी के बजट में सभी वर्गों का रखा गया ख्याल : कृष्ण लाल पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किए गए 2025-26 के बजट में सभी वर्गों के कल्याण को मद्देनजर रखा गया है। मुख्यमंत्री द्वारा 2025-26 के लिए 205017.29 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया, जो गत वर्ष 2024-25 के बजट से 13.7 प्रतिशत अधिक है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए बजट में प्रावधान किए गए है।

कृष्ण लाल पंवार स्थानीय मैना पर्यटन केंद्र में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए 2025-26 के बजट के संदर्भ में आयोजित बजट प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मान-सम्मान के लिए सरकार द्वारा बजट में 5 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती के लक्ष्य को 25 हजार एकड़ भूमि से बढ़ाकर एक लाख एकड़ निर्धारित किया है। अब एक एकड़ वाले किसान को भी प्राकृतिक खेती के तहत योजना का लाभ मिलेगा।

### 350 वीटा प्लांट स्थापित करेंगे

विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नए 350 वीटा प्लांट स्थापित किए जाएंगे। सरकार द्वारा अतिरिक्त 750 हरित स्टोर खोलने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में खेल नर्सरियों की संख्या को 1500 से बढ़ाकर 2000 किया जाएगा। खेल नर्सरी में 8 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों की छात्रवृति को बढ़ाकर 2000 रुपए प्रतिमाह तथा 15 से 19 वर्ष के खेल नर्सरी खिलाड़ियों की छात्रवृति को बढ़ाकर 3000 रुपये किया जाएगा। ओलंपिक स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ी अपने गृह जिले में खेल अकादमी स्थापित करने पर सस्ती दरों पर 5 करोड़ रुपए तक का ऋण बैंकों के माध्यम से दिलवाया जाएगा, जिस पर सरकार द्वारा ब्याज पर 2 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

### कृषि के लिए 19.2 बजट बढ़ाया

कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरकार द्वारा कृषि के लिए गत वर्ष की तुलना में 19.2 प्रतिशत राशि बढ़ाकर 4229.29 करोड़ रुपए, पशुपालन को आवंटित राशि को 50.9 प्रतिशत बढ़ाकर 2083.43 करोड़, मत्स्य पालन को आवंटित राशि को 144.40 प्रतिशत से बढ़ाकर 218.76 करोड़ रुपए, सहकारिता क्षेत्र की आवंटित राशि को 58.80 प्रतिशत से बढ़ाकर 1254.97 करोड़ रुपए, उद्योग व वाणिज्य विभाग को आवंटित राशि को 129.37 प्रतिशत बढ़ाकर 1848.12 करोड़ रुपए, श्रम विभाग की आवंटित राशि को बढ़ाकर 96.81 करोड़ रुपए, खेलों के लिए 1381.78 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1961.79 करोड़ रुपए, विकास एवं पंचायत विभाग को आवंटित 5629.18 करोड़ रुपए को 29.93 प्रतिशत बढ़ाकर 7313.98 करोड़ रुपए, गृह विभाग को गत वर्ष आवंटित किए गए 7383.28 करोड़ रुपए को 12.6 प्रतिशत बढ़ाकर 8315.30 करोड़ रुपए किया गया है।

### धान की पराली का प्रबंधन करने के लिए अनुदान देंगे

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि धान की पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को एक हजार रुपए के स्थान पर 1200 रुपए प्रति एकड़ अनुदान दिया जाएगा। धान की सीधी बुआई को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली 4 हजार रुपए प्रति एकड़ अनुदान राशि को बढ़ाकर 4500 रुपए प्रति एकड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी पंचायतों में अधूरे पड़े कार्यों को 64 करोड़ रुपए की राशि से पूर्ण करवाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 891 ई-लाइब्रेरी तथा 250 इंडोर जिम तैयार करवाए गए है। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि ग्राम पंचायत के कार्यकाल संपन्न होने के 6 वर्ष तक संबंधित सरपंच के विरुद्ध जांच की जा सकती है। इससे पूर्व यह अवधि केवल 2 वर्ष थी।

### हुड्डा ने रोहतक की आवाज नहीं उठाई

उन्होंने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को घेरते हुए कहा कि उन्होंने कभी रोहतक के लिए आवाज नहीं उठाई। वे केवल सत्ता पक्ष को कोसते रहते हैं। वे तीसरी बार भाजपा सरकार बनने से सदमे में हैं। हरियाणा में कोई विपक्ष नहीं है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, प्रदीप जैन, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, सुखबीर चंदेलिया, डॉ अशोक रंगा, सुरेश किराड़ सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।



## वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में एनएसएस शिविर शुरू

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ किया गया। डॉ. आध्या दुबे ने शिविर में जीवन कौशल और भावनात्मक विकास के प्रति जागरूक किया। इस दौरान जनता कॉलोनी और उसके आस-पास के क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार गोयल, डॉ. उमेश गुप्ता, डॉ. संजय जिंदल, डॉ. मोहित कुमार अग्रवाल, डॉ. मीनू मनचंदा, डॉ. बिजेन्द्र बंसल, नीर खरब, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजबाला सहित अन्य उपस्थित रहे।




## अर्पण मानसिक दिव्यांग बाल संस्था में विश्व डाउन सिंड्रोम डे मनाया

**रोहतक।** अर्पण मानसिक दिव्यांग बाल संस्था में विशव डाउन सिंड्रोम डे मनाया गया। संस्था में 13 डाउन सिंड्रोम बच्चे हैं, जिसमें आज 8 बच्चे आए हुए थे। अली राजा ने थंब पेंटिग, आकाश ने पोट डेकोरेशन, विनोद ने ड्राइंग, मोहित ने पोट कलरिंग, तनवी, ईशा खाशा ने पोस्टर, अजय, रोहित फौगाट ने रंगोली, दीपक पांडे ने ड्राइंग की गतिविधियों में भाग लिया। सभी बच्चों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। संस्था की ईचांज नीलम कटारिया ने बताया कि डाउन सिंड्रोम बच्चे प्रतिभाशाली होते हैं। इनको अच्छी ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाना जा सकता है। इस अवसर पर सभी सटाफ सदस्यों ने सहयोग दिया।

## पोस्टव एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय की आर्ट गैलरी में पोस्टर एवं पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की गई। देश के महान सपूतों के जीवन और उनके विचारों पर आधारित यह प्रदर्शनी प्राचार्य डॉक्टर लोकेश बल्हारा के निर्देशन में शहीद स्मृति संकल्प अभियान के तहत लगाई गई। जिसका उद्देश्य भगतसिंह और उनके साथियों के जीवन से विद्यार्थियों को परिचित कराना रहा। प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने कहा कि देश की आज़ादी और एक बेहतर समाज के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीदों के हम ऋणी हैं, छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से अवश्य ही परिचित होना चाहिए। क्रान्तिकारियों के लेखों, बयानों व उनके संगठनों के घोषणापत्रों के अंश, भगतसिंह की जेल डायरी और क्रान्तिकारियों के दस्तावेज़ प्रदर्शनी में विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे।




## गवर्निंग बॉडी के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय एवं हिंदू शिक्षण संस्थान की गवर्निंग बॉडी के गठन की चुनाव प्रक्रिया रिटर्निंग ऑफिसर एनएन गिरोत्रा, सीनियर एडवोकेट के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। जिसमें गवर्निंग बॉडी के निर्विरोध चुने गए सभी पदाधिकारियों की औपचारिक रूप से घोषणा की गई।

उन्होंने बताया कि प्रधान हिंदू शिक्षण संस्थान श्याम कपूर, उपप्रधान अजय निझावन, महासचिव संजय कुमार आहूजा, कोषाध्यक्ष जतिन लूथरा को निर्विरोध रूप से चुना गया। साथ ही कार्यकारिणी समिति के 11 सदस्यों की घोषणा की गई, जिसमें भारत भूषण बठला, राकेश कुमार गुगनानी, राजेश कुमार सहगल, सुदर्शन कुमार धींगड़ा, ओम प्रकाश जुनेजा, राधे श्याम ढल, राजेश कुमार कत्याल, प्रदीप सपड़ा, सुनील कुमार आहूजा, पवन कुमार आहूजा, सतीश कत्याल शामिल रहे। इसके साथ ही लालनाथ हिंदू महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में डॉ. राजेश गहलावत (एसोसिएट प्रोफेसर, कॉमर्स) व डॉ. शालू (असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स) व गैर शिक्षक वर्ग से गगन चावला प्रतिनिधि के लिए चुने गए। प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार तनेजा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।



## परमगुरु ओशो के संबोधि दिवस का भव्य उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

समर्थगुरु धारा में शुक्रवार को परमगुरु ओशो के संबोधि दिवस का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समर्थगुरु सिद्धार्थ आलिया ने कहा कि ओशो के आगमन के बाद धर्म का नया आयाम विकसित हुआ है। उन्होंने बताया कि ओशो के पहले सगुण ब्रह्म की उपासना को अधिक महत्व दिया जाता था, लेकिन ओशो ने सगुण और निर्गुण ब्रह्म की उपासना के बीच संतुलन स्थापित किया। गौरतलब है कि 21 मार्च 1953 को जबलपुर के भंवरताल पार्क में ओशो को परम ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। देशभर से पधारे साधकों ने समर्थगुरु के चरणों में बैठकर इस दिवस को आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया।कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भजन, ध्यान सत्र एवं प्रवचन भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर केन्द्रीय कोर्डिनेटर आचार्य प्रोफ़ेसर दर्शन, आचार्य चेतन, गुजरात कोऑर्डिनेटर कार्तिकेय, प्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप नैन, महिला सशक्तीकरण कोर्डिनेटर डॉक्टर रचना अग्रवाल व समर्थगुरु सचिव सचिव मीराबाई इत्यादि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन और हंगामा करने वाले 40 व्यक्तियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले व हंगामा करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। अभियान के दौरान अलग-2 स्थानों पर पुलिस टीमों ने छापेमारी करते हुए कुल 40 व्यक्तियों को काबू किया गया है।

सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने व हंगामा करने वाले स्थानों को चिन्हित किया गए है। छापेमारी के दौरान इन स्थानों से लोगों को सड़क किनारे, फुटपाथ पर, पीजी या होटल के बाहर, पार्क, गाड़ी के अंदर बैठकर शराब का सेवन करते हुए या हंगामा करते हुए इत्यादि स्थानों पर पाए गए। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है।



आर्य नगर थाना पुलिस ने 4 व्यक्ति, शहर थाना पुलिस ने 2 व्यक्ति, अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने 4 व्यक्ति, सांपला थाना पुलिस ने 5 व्यक्ति, शिवाजी कॉलोनी ने 2, आईएमटी की टीम ने 6, लाखनमाजरा पुलिस टीम ने 4 व्यक्ति, सिविल लाइन पुलिस ने 2 व्यक्ति, सदर पुलिस टीम ने 1 व्यक्ति व पुरानी सब्जी मंडी पुलिस टीम ने 10 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन व हगांमा करते हुए काबू किया गया है। जिला पुलिस दवारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने व शराब पीकर हुडदंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है जो आगे भी जारी रहेगी। आमजन से अपील है कि सार्वजनिक स्थानो पर शराब का सेवन न करे।

## 85 हजार की ठगी के मामले में आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने 85 हजार से ज्यादा रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि कलानौर निवासी अनिल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अनिल ने भैस लेने के लिए फेसबुक पर लक्ष्मी डेयरी नाम से सर्च करने पर एक मोबाइल नंबर आया और मैं झांसे में आ गया। लक्ष्मी डेयरी के माध्यम से भैस बेची जाती है जो वीडियो कॉल करके दिखाई जाती है। 80 हजार रुपये में भैस का सोदा हुआ। 6 दिसंबर 2024 को अनिल के पास आया कि 6 हजार रुपये ट्रांसफर कर दे बाकि राशि भैस मिलने के उपरांत कर दे। 7 दिसंबर 2024 को अनिल के पास 16500 रुपये और भेजने बारे कहा। अनिल ने उनके कहे अनुसार अलग-2 ट्रांसजैक्शन में कुल 85400 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जांच के दौरान 20 मार्च को आरोपी कमल निवासी गांव ओवा जिला मथुरा को गिरफ्तार किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## छात्र बजट में यूनिवर्सिटी ने बढ़ोतरी की: वीसी

- डॉ. राधाकृष्णन फाउंडेशन फंड की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय डॉ. राधाकृष्णन फाउंडेशन फंड के तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, क्षमता संवर्धन, प्रतिभा निखार तथा वित्तीय सहायता के अनेकानेक अवसर उपलब्ध करवाएगा। शुक्रवार को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित डॉ. राधाकृष्णन फाउंडेशन फंड की बैठक में अनेक स्टूडेंट-सेंट्रीक फैसले लिए गए। बैठक में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, उनके कौशल निर्माण, उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कार्यशाला एवं सेमिनार आदि के बजट को बढ़ाकर पांच गुणा कर दिया। राधाकृष्णन फंड से आयोजित किए जाने वाले सेमिनार/कार्यशाला के बजट को सत्र 2025-26 से 20 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया। पिछले वर्ष लगभग चार लाख रुपए इस मद से व्यय किए जाते थे। कुलपति कार्यालय में डा. राधाकृष्णन फाउंडेशन फंड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण, विद्यार्थी केंद्रित पहलों को बढ़ावा देने तथा जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों की सहायता के लिए जरूरी कदम उठाएगा और सेमिनार/कार्यशाला का बजट पांच गुणा करना इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बैठक में कहा कि एमडीयू केयरिंग एंड शेयरिंग वाला संस्थान है जो छात्रों के कल्याण और विवि के छात्रों की क्षमता निर्माण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने बैठक में डॉ. राधाकृष्ण फाउंडेशन फंड की की रिपोर्ट प्रस्तुत की और इस फंड के तहत भविष्य में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का ब्यौरा दिया।



### सक्षम शोध प्रणाली के महत्व पर बल दिया

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बैठक में कहा कि विश्वविद्यालय में सक्षम शोध प्रणाली के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों की शोध परियोजनाओं के लिए अलग से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। आईसीटी सक्षम शिक्षण अधिगम के महत्व को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग को आईसीटी शिक्षण सहायक सामग्री, स्मार्ट बोर्ड एवं अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर (आरओ) खरीदे जाएंगे। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

### एक करोड़ की राशि आवंटित

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों की सहायता के लिए लगभग 1 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। सत्र 2024-25 के दौरान आवेदक विद्यार्थियों को 11 लाख रुपए दिए जाएंगे। सत्र 2023-24 और 2024-25 के लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के शैक्षणिक टॉपरों को प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने के लिए लगभग 17 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। करुणापूर्ण सहायता की एक अन्य पहल में, जरूरतमंद और गरीब विद्यार्थियों, जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है, को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विवेकाधीन निधि के रूप में 10 लाख रुपए निर्धारित किए गए हैं।




रोहतक। एनएसएस स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित करते राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला की प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

## एनएसएस शिविर का समापन

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में चल रहे एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूजा बंसल ने शिविर के दौरान की गई गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण दिया, जिनमें योग सत्र, ध्यान सत्र, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, बुजुर्गों से मुलाकात, डिजिटल साक्षरता और युवा सशक्तिकरण पर व्याख्यान आदि शामिल रहे। राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला की प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा ने सामाजिक सेवा के महत्व को रेखांकित किया और स्वयंसेवकों को उनके अच्छे कार्य जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा बेदी ने बताया कि अंतिम (बीए तृतीय वर्ष) और आशा को बेस्ट कैम्पर के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि पूजा और कुसुम को बेस्ट वॉलंटियर्स के खिताब से नवाजा गया।